आयातित कच्चे तेल की मात्रा निम्नानुसार है:

वर्ष	आंकड़े एम एम टी में मात्रा
1994-95	9.07
1995-96	8.74
1996-97	9.35

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान गुजरात और मथुरा रिफाइनरियों को पाइपलाइन के माध्यम से भेजे गए आयातित कच्चे तेल की मात्रा निम्नानुसार है:

आंकड़े टी एम टी में

वर्ष	गुजरात	मथुरा
1994-95	2.72	6.33
1995-96	2.57	5.99
1996-97	3.04	6.41

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) तेल के भण्डारों में वृद्धि करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं।

(1) देश में हाइड्रोकार्बनों के अन्वेषण हेतु निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए नई अन्वेषण लाइसेंस नीति की घोषणा।

(2) भूकंपीय सर्वेक्षणों, गहन जल अन्वेषण और सीमावर्ती क्षेत्रों में अन्वेषण के माध्यम से अन्वेषण प्रयासों में वृद्धि करना।

(3) तेल के अन्वेषण और विकास के संबंध में निजी / संयुक्त उद्यम की प्रतिभागिता को बढ़ावा देना।

(4) सिद्ध क्षेत्रों और नए क्षेत्रों में अन्वेषण में तीव्रता लाना।

Fall in the Price of Crude Petroleum in the International Market

405. SHRI ASHOK MITRA: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether the price of crude petroleum in the international market has weakened considerably in recent weeks; and

(b) the estimated annual reduction in the deficit of the oil pool account if this decline in price continues?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI JANESHWAR MISHRA): (a) During the past five weeks, the average prices of the market crude oils have shown an upward trend.

(b) Oil prices in the international market are highly volatile is nature and these are driven by market forces viz. demand and supply fundamentals, political developments in major oil producing / exporting countries, abnormal variations in weather conditions etc. in various parts of the world, market sentiments etc. prevailing at the given point of time. According to the oil economy budget for 1997-98, an additional deficit of Rs. 9000 crores is estimated to be generated in addition to a cumulative outstanding Rs. 15,500 crores estimated as on 31.3.97. thus the cumulative outstanding as on 31.3.98 is estimated at Rs. 24,500 crores. The actual amount of deficit would depend upon various factors including international prices of crude oil in this year.

गुजरात में तेल की खोज

406. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने गुजरात के कुछ क्षेत्रों में गैस तथा तेल की खोज के संबंध में किसी उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया है;

(ख) क्या उक्त समिति ने राज्य के कच्छ, पंचमहल, मेसाना, बनासकांठा और भरुच जिलों में कोई गहन खोज कार्य आरम्भ किया है;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कच्छ के समुद्रीय तट पर प्राकृतिक गैस के विपुल भण्डार होने की संभावना है;

(घ) यदि हां, तो क्या विदेशी विशेषज्ञों से इस क्षेत्र के खोज कार्य में सहायता लेने का कोई प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?